Bareilly Tuesday
7 July 2020
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City
Outside Bareilly City
Pages

दैनिक जागरण inext

एसआरएमएस सीईटी के तीन विद्यार्थियों को सम्मान

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (6 July): डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाता है. इसमें विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल करने वाले हर ब्रांच के दो-दो प्रतिभाशाली विद्यार्थी चुने जाते हैं. जो एकेटीयू के संबद्ध महाविद्यालयों के हों. बरेली स्थित एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी (सीईटी) के तीन विद्यार्थियों ने इस बार विश्वविद्यालय स्तर पर स्थान हासिल कर यह गौरव हासिल किया है. यह जानकारी एसआरएमएस सीईटी के डीन प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता ने दी. इन विद्यार्थियों में बीफार्म में 9.69 सीजीपीए हासिल करने वाली हफजा खान, आईटी में 9.92 सीजीपीए हासिल करने वाली मिफरा फातमा हैं. इन दोनों ने अपनी-अपनी ब्रांच में एकेटीयू विश्वविद्यालय में पहला स्थान हासिल किया है. सीएस ब्रांच में 9.92 सीजीपीए अंक हासिल करने वाली हर्षिता मौर्या तीसरी विद्यार्थी है जिन्होंने, एकेटीयू विवि में अपनी ब्रांच में दूसरा स्थान हासिल कर एसआरएमएस का नाम रौशन किया है. तीनों विद्यार्थियों को विवि की ओर से नकद धनराशि प्रदान की जाएगी. जो सीधे उनके बैंक एकाउंट में ट्रांसफर होगी. विद्यार्थियों का चयन 2018-19 के परीक्षा परिणाम के आधार पर किया गया है. एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने इस उपलब्धि पर तीनों छात्राओं का उत्साहवर्धन किया है.

तीनों विद्यार्थियों को विवि की ओर से नकद धनराशि प्रदान की जाएगी. जो सीधे उनके बैंक एकाउंट में ट्रांसफर होगी.